चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 14-12-24 | 2 | 3-4 |

# आंखों की नियमित जांच अवश्य करवानी चाहिए : प्रो. काम्बोज

भास्कर न्यूज़ | हिसार

एचएयू कैंपस अस्पताल में सेंटर फॉर साइट ने निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया। विवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को रूटीन में अपनी आंखों की जांच अवश्य करवानी चाहिए। आंखों की जांच करवाने से व्यक्ति को नजर और नेत्र रोग की जानकारी मिलती है। उन्होंने बताया कि विभिन्न संगठनों एवं संस्थाओं द्वारा समय-समय पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किए जाते हैं, ताकि जरूरतमंद व्यक्ति इनमें अपनी आंखों की जांच एवं उपचार करवा सकें। इस अवसर पर विवि के ओएसडी, विभिन्न कॉलेजों के अधिष्ठाता, कुलसचिव, वित्त नियंत्रक सहित अन्य मौजूद रहे।



नेत्र जांच कैंप में आखों जांच करवाते कुलपति प्रो. काम्बोज।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 14-12-24 | 4 | 7-8 |

## आंखों की नियमित जांच करवाएं : प्रो. कांबोज



**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल में सेंटर फॉर साइट (सर्वेश अस्पताल) द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को रूटीन में अपनी आंखों की जांच अवश्य करवानी चाहिए। इस मौके पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एमएल खिचड़, सेंटर फॉर साइट के प्रबंधक विजय मजोका, मैनेजर वीकेंद्र, डॉ. आशा, अमन मौजूद रहे। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 14-12-24 | 3 | 1-2 |

## हकृवि में निशुल्क नेत्र जांच कैंप आयोजित

# आंखों की नियमित जांच अवश्य करवानी चाहिए : काम्बोज



हिसार में शुक्रवार को नेत्र जांच कैंप में आखों जांच करवाते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज। -हप्र

हिसार, 13 दिसंबर (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल में सेंटर फॉर साइट (सर्वेश हॉस्पिटल) द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बीआर काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिविर का शुभारंभ किया। कुलपति प्रो बी.आर. काम्बोज ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को रूटीन में अपनी आंखों की जांच अवश्य करवानी चाहिए। आंखों की जांच करवाने से व्यक्ति को नज़र और नेत्र रोग की जानकारी मिलती है। आंखों की जांच दृष्टि को मजबूत रखने के लिए बहुत जरूरी है। आंखों में विभिन्न प्रकार के रोग हो जाते हैं जिनमें आंख का लाल होना, आंख से पानी आना, आंखों से कम दिखाई देना, मोतियाबिंद तथा काला मोतियाबिंद आदि शामिल हैं। विभिन्न संगठनों एवं संस्थाओं द्वारा भी समय-समय पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किए जाते हैं ताकि जरूरतमंद व्यक्ति इनमें अपनी आंखों की जांच एवं उपचार करवा सकें। मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से आंखों पर भी बुरा असर पड़ता है। उन्होंने बताया कि जो विद्यार्थी ऑनलाइन क्लासिज लगाते हैं कंप्यूटर या लैपटॉप पर काम करते हैं, उन्हें प्लेन ग्लास वाला चश्मा अवश्य लगाना चाहिए। छात्र कल्याण निदेशक डॉ एम.एल. खीचड ने बताया कि यह निःशुल्क नेत्र जांच कैंप हकृवि के कैंपस हस्पताल व सेंटर फॉर साइट (सर्वेश हॉस्पिटल) द्वारा सयुक्त रूप से आयोजित किया गया है। सेंटर फॉर साइट के प्रबंधक विजय मजोका ने बताया कि समय पर नेत्र जांच करवाना जरूरी है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 14-12-24 | 2 | 7-8 |

# आंखों की नियमित जांच अवश्य करवानी चाहिए: प्रो. काम्बोज



नेत्र जांच कैंप में आंखों जांच करवाते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

हिसार, 13 दिसम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल में सेंटर फॉर साइट द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बी. आर. काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिविर का शुभारंभ किया।

कुलपति प्रो बी.आर. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को रूटीन में अपनी आंखों की जांच अवश्य करवानी चाहिए। आंखों की जांच करवाने से व्यक्ति को नज़र और नेत्र रोग की जानकारी मिलती है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के ओएसडी, विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, कुलसचिव, वित्त नियंत्रक सहित अन्य अधिकारीगण व कैंपस अस्पताल के स्टाफ मौजूद रहे। सेंटर फॉर साइट की ओर से ऑप्टिकल मैनेजर वीकेंदर,

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 14.12.24 | 12 | 3-4 |

# आंखों की नियमित जांच अवश्य करवानी चाहिए: प्रो. काम्बोज

- हकृवि के कैंपस अस्पताल में नि:शुल्क नेत्र जांच कैंप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल में सेंटर फॉर साइट (सर्वेश हॉस्पिटल) की ओर से निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बीआर कम्बोज ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिविर का शुभारंभ किया। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को रूटीन में अपनी आंखों की जांच अवश्य करवानी चाहिए। आंखों की जांच करवाने से व्यक्ति को नजर और नेत्र रोग कि जानकारी मिलती है। आंखों की जांच दृष्टि को मजबूत रखने के लिए बहुत जरूरी है। आंखों में विभिन्न प्रकार के रोग हो जाते हैं जिनमें आंख का लाल होना, आंख से पानी आना, आंखों से कम दिखाई देना, मोतियाबिंद तथा काला मोतियाबिंद आदि शामिल हैं। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एमएल खीचड ने बताया कि यह निशुल्क नेत्र जांच कैंप हकृवि के कैंपस हस्पताल व सेंटर फॉर साइट द्वारा सयुक्त रूप से आयोजित किया गया है।



हिसार। नेत्र जांच कैंप में आखों जांच करवाते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज। फोटो : हरिभूमि

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 14-12-24 | 5 | 6-8 |


# आंखों की नियमित जांच अवश्य करवानी चाहिए : प्रो. बी.आर. काम्बोज

## हकृवि के कैंपस अस्पताल में निःशुल्क नेत्र जांच कैंप आयोजित



नेत्र जांच कैंप में आखों की जांच करवाते हुए कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

हिसार, 13 दिसम्बर (बिरेन्द्र वर्मा) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल में सेंटर फॉर साइट (सर्वेश हॉस्पिटल) द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बी. आर. काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिविर का शुभारंभ किया। कुलपति प्रो बी.आर. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को रूटीन में अपनी आंखों की जांच अवश्य करवानी चाहिए। आंखों की जांच करवाने से व्यक्ति को नजर और नेत्र रोग कि जानकारी मिलती है। आंखों की जांच दृष्टि को मजबूत रखने के लिए बहुत जरूरी है। आंखों में विभिन्न प्रकार के रोग हो जाते हैं जिनमें आंख का लाल होना, आंख से पानी आना, आंखों से कम दिखाई देना, मोतियाबिंद तथा काला मोतियाबिंद आदि शामिल हैं। विभिन्न संगठनों एवं संस्थाओं द्वारा भी समय-समय पर निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किए जाते हैं ताकि जरूरतमंद व्यक्ति इनमें अपनी आंखों की जांच एवं उपचार करवा सकें। मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से आंखों पर भी बुरा असर पड़ता है। उन्होंने बताया कि जो विद्यार्थी ऑनलाइन क्लासिज लगाते हैं कंप्यूटर या लैपटॉप पर काम करते हैं उन्हें प्लेन ग्लास वाला चश्मा अवश्य लगाना चाहिए। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एम.एल. खीचड ने बताया कि यह निशुल्क नेत्र जांच कैंप हकृवि के कैंपस हस्पताल व सेंटर फॉर साइट (सर्वेश हॉस्पिटल) द्वारा सयुक्त रूप से आयोजित किया गया है। सेंटर फॉर साइट के प्रबंधक विजय मजोका ने बताया कि आंखों में विभिन्न प्रकार के रोग हो जाते हैं इसलिए समय-समय पर नेत्र जांच करवाना बहुत जरूरी है। कैंपस अस्पताल की एसएमओ डॉ. प्रीति ने बताया कि सेंटर फॉर साइट (सर्वेश हॉस्पिटल) द्वारा लगाए गए शिविर में अनेक लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई और निशुल्क दवाई प्राप्त की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के ओएसडी, विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, कुलसचिव, वित्त नियंत्रक सहित अन्य अधिकारीगण व कैंपस अस्पताल के स्टाफ मौजूद रहे। सेंटर फॉर साइट की ओर से ऑप्टिकल मैनेजर वीकेंदर, डॉ. आशा अमन मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 14-12-24 | 5 | 6-8 |

# हकृवि में भारतीय भाषा उत्सव 2024 कार्यक्रम का आयोजन



प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए कुलसचिव डॉ. पवन कुमार।

हिसार, 13 दिसम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानवीकी महाविद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव 2024 का आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. पवन कुमार मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कुलसचिव ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे देश में विभिन्न प्रकार की भाषाएं एवं बोलियां बोली जाती है। उन्होंने बताया कि देश में आधिकारिक तौर पर 22 भाषाएं व 2000 से ज्यादा बोलियां बोली जाती है। विश्वविद्यालय में अलग-अलग भाषा बोलने वाले विद्यार्थी व वैज्ञानिक आपसी तालमेल के साथ बेहतर ढंग से कार्य कर रहे है। भाषा हमारी पहचान होती है और उसे बोलने में हमें शर्म नहीं करनी चाहिए। कार्यक्रम में रंगोली, श्लोक, सलोगन प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मौलिक विज्ञान एवं मानवीकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता राजेश गेरा ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया व कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी दी। रंगोली प्रतियोगिता में मोनिका ने प्रथम, विनीता सिंह ने द्वितीय व पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्लोक प्रतियोगिता में कुसुम, अंजू, और विकास ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में मोहित ने प्रथम, नैनी ने दूसरा, प्रात्युश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मंच का संचालन अंजू ने किया। कार्यक्रम के दौरान हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश कुमार, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड, पुस्तकालाध्यक्ष डॉ. राजीव पटेरिया, डॉ. रश्मी, डॉ. जितेश, डॉ. सुभाष, डॉ. रिजूल, डॉ. भास्कर, डॉ. पूनम, डॉ. देवेन्द्र व अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 14-12-24 | 11 | 7-8 |



हिसार। मुख्य अतिथि कुलसचिव डॉ. पवन कुमार प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए।

## विद्यार्थी व वैज्ञानिक कर रहे आपसी तालमेल के साथ बेहतर ढंग से कार्य : डॉ. पवन कुमार

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानवीकी महाविद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव 2024 का आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार किया गया। इसमें विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. पवन कुमार मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कुलसचिव ने शुक्रवार को अपने संबोधन में कहा कि हमारे देश में विभिन्न प्रकार की भाषाएं एवं बोलियां बोली जाती है। उन्होंने बताया कि देश में आधिकारिक तौर पर 22 भाषाएं व 2000 से ज्यादा बोलियां बोली जाती है। विश्वविद्यालय में अलग-अलग भाषा बोलने वाले विद्यार्थी व वैज्ञानिक आपसी तालमेल के साथ बेहतर ढंग से कार्य कर रहे है। भाषा हमारी पहचान होती है और उसे बोलने में हमें शर्म नहीं करनी चाहिए। कार्यक्रम में रंगोली, श्लोक, सलोगन प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मौलिक विज्ञान एवं मानवीकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता राजेश गेरा ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया व कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी दी। रंगोली प्रतियोगिता में मोनिका ने प्रथम, विनीता सिंह ने द्वितीय व पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 14-12-24 | 4 | 4-5 |

## भाषा हमारी पहचान होती है : कुलसचिव

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानवीकी महाविद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव आयोजित किया।

मुख्य अतिथि कुलसचिव डा. पवन कुमार ने कहा कि देश में आधिकारिक तौर पर 22 भाषाएं व 2000 से ज्यादा बोलियां बोली जाती हैं। विश्वविद्यालय में अलग-अलग भाषा बोलने वाले विद्यार्थी व वैज्ञानिक आपसी तालमेल के साथ बेहतर ढंग से कार्य कर रहे हैं। भाषा हमारी पहचान होती है और उसे बोलने में हमें शर्म नहीं करनी चाहिए। कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता में मोनिका ने प्रथम, विनीता सिंह ने द्वितीय व पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्लोक प्रतियोगिता में कुसुम, अंजू और विकास ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में मोहित ने प्रथम, नैनी ने दूसरा, प्रात्युश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मंच का संचालन अंजू ने किया। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान भी चलाया। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डा. रमेश कुमार, छात्र कल्याण निदेशक डा. मदन खीचड, पुस्तकालाध्यक्ष डा. राजीव पटेरिया, डा. रश्मी, डा. जितेश, डा. सुभाष, डा. रिजूल, डा. भास्कर, डा. पूनम, डा. देवेन्द्र आदि मौजूद थे।




हकृवि में भारतीय भाषा उत्सव 2024 कार्यक्रम में मुख्यातिथि कुलसचिव डा. पवन कुमार प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए। • पीआरओ

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 14-12-24 | 4 | 7-8 |

## रंगोली प्रतियोगिता में मोनिका रही प्रथम




**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानवीकी महाविद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव 2024 का आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. पवन कुमार मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। रंगोली प्रतियोगिता में मोनिका प्रथम, विनीता द्वितीय व पूजा तृतीय, श्लोक प्रतियोगिता में कुसुम, अंजू और विकास क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। स्लोगन प्रतियोगिता में मोहित प्रथम, नैनी द्वितीय, प्रात्युश तृतीय रहा। मंच का संचालन अंजू ने किया। कार्यक्रम के दौरान हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। संवाद

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 14-12-24 | 4 | 7-8 |

## हकृवि में भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन



*मुख्यातिथि कुलसचिव डॉ. पवन कुमार प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए।*

हिसार, 13 दिसम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानवीकी महाविद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव 2024 का आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. पवन कुमार मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कुलसचिव ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे देश में विभिन्न प्रकार की भाषाएं एवं बोलियां बोली जाती है। उन्होंने बताया कि देश में आधिकारिक तौर पर 22 भाषाएं व 2000 से ज्यादा बोलियां बोली जाती है। विश्वविद्यालय में अलग-अलग भाषा बोलने वाले विद्यार्थी व वैज्ञानिक आपसी तालमेल के साथ बेहतर ढंग से कार्य कर रहे है। भाषा हमारी पहचान होती है और उसे बोलने में हमें शर्म नहीं करनी चाहिए। कार्यक्रम में रंगोली, श्लोक, स्लोगन प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता में मोनिका ने प्रथम, विनीता सिंह ने द्वितीय व पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्लोक प्रतियोगिता में कुसुम, अंजू और विकास ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में मोहित ने प्रथम, नैनी ने दूसरा, प्रात्युश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 14.12.24 | 2 | 3-4 |

## रंगोली प्रतियोगिता में मोनिका प्रथम स्थान पर

**हिसार** | एचएयू में मौलिक विज्ञान एवं मानविकी कॉलेज में भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार किया गया। इसमें विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. पवन कुमार मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में अलग-अलग भाषा बोलने वाले विद्यार्थी व वैज्ञानिक आपसी तालमेल के साथ बेहतर ढंग से कार्य कर रहे हैं। भाषा हमारी पहचान होती है और उसे बोलने में हमें शर्म नहीं करनी चाहिए। कार्यक्रम में रंगोली, श्लोक, स्लोगन प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें विवि के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता में मोनिका, स्लोगन में मोहित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।